जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड, जयपुर (राज.) - 302026
▌वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ▌ई–मेल - jrrsu@yahoo.com ▌टेलीफैक्स: 0141-2850551–75

क्रमांक : प(182-III)/जरारासंविवि/परी.–गोप./2025/ दिनांक :

## स्नातक सेमेस्टर द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सेमेस्टर के नियमित छात्रों के माह जुलाई 2025 की सतत मूल्यांकन परीक्षा (Mid Term Examination/Continuous Assessment) के अंक ऑनलाइन करने के संबंध में आवश्यक सूचना

राष्ट्रीय शिक्षानीति 2020 के अनुरूप स्नातक सेमेस्टर द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ के नियमित छात्रों के माह जुलाई, 2025 की सतत मूल्यांकन परीक्षा परीक्षा (Mid term examination/Continuous Assessment) की संपूर्ण प्रक्रिया (मूल्यांकन में उपयोग में ली जाने वाली उत्तर–पुस्तिका/प्रश्न पत्र/ प्रोजेक्ट रिपोर्ट इत्यादि) महाविद्यालय/संस्थान/निदेशक शैक्षणिक परिसर स्वयं अपने स्तर पर सम्पन्न कर मूल्यांकन अंक विश्वविद्यालय परीक्षा पोर्टल jrrsu.in पर कॉलेज पैनल के माध्यम से दिनांक 31.07.2025 तक अनिवार्य रूप से अपलोड कराना सुनिश्चित करावें। सतत मूल्यांकन प्रक्रिया समय से पूर्व पूर्ण करने हेतु अपने स्तर पर छात्रों को सूचित करें।

विगत सत्र में कतिपय महाविद्यालयों द्वारा आन्तरिक अंक ऑनलाइन प्रविष्ठ करने में लापरवाही की गई थी परीक्षा परिणाम तक आंतरिक अंकों को ऑनलाइन प्रविष्ठ नहीं किया गया था। अतः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/निदेशक शैक्षणिक परिसर निर्देशित किया जाता है कि अध्ययनरत नियमित छात्रों के आन्तरिक मूल्यांकन हेतु उपस्थिति पत्रक एवं अंकों को निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन अपलोड कराना सुनिश्चित करावें। अंतिम दिनांक को पोर्टल बंद होने के पश्चात् किसी भी रूप में आंतरिक मूल्यांकन अंक स्वीकार नहीं किये जावेंगे। हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय को प्रेषित करना अनिवार्य नहीं है।

नोट– नियमित छात्रों को पाठ्यक्रम के सेमेस्टर के अन्त में परीक्षा (EoSE) की पात्रता हासिल करने के लिए विद्यार्थी को सतत मूल्यांकन में न्यूनतम सी–ग्रेड (C-Grade) (40 प्रतिशत) अंक तथा न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अर्जित करना आवश्यक होगा।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : प(182-III)/जरारासंविवि/परी.–गोप./2025/359-363 दिनांक : 25/06/25

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. निजी सचिव, मा. कुलपति महोदय, जरारासंविवि, जयपुर
2. निदेशक शैक्षणिक परिसर, जरारासंविवि, जयपुर
3. प्राचार्य समस्त सम्बद्ध शास्त्री/आचार्य महाविद्यालय
4. प्रभारी बेवसाइट, जरारासंविवि, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को बेवसाइट पर अपलोड करावें।
5. संबंधित गोपनीय कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना पर पोर्टल पर अपलोड करावें तथा उक्तानुसार आंतरिक अंक ऑनलाइन प्राप्त करने की समुचित व्यवस्था करें।

परीक्षा नियंत्रक

D:/Sec-2022/Off_Letter_457